उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः– 126 / 12 / डा.ए.ऑ. / G-2 / 2023-24 **दिनांकः 26 जुलाई 2023**

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-2/D.E.O./Estb/2023 दिनांक 13 जनवरी 2023 द्वारा **उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर परीक्षा–2023** के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के क्रम में अभिक्षमता (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 07 जून 2023 को आयोजित की गयी है। इस विज्ञापन में अनिवार्य शैक्षिक अर्हता के अन्तर्गत उल्लेख है कि अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में 8000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति होना आवश्यक है। तद्क्रम में अभिक्षमता (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के 05 गुना अनुपात में प्रयोगात्मक परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन हेतु अनुक्रमांक सूची आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। उक्त अभ्यर्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन **दिनांक 11 अगस्त 2023** को निर्धारित है। प्रयोगात्मक परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में कट ऑफ मार्क्स एवं अन्तिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाईट पर प्रसारित की गयी है। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावों का परीक्षण उनके मूल अभिलेखों से किया जायेगा। इस संबंध में यथाशीघ्र पृथक से विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। प्रयोगात्मक परीक्षा में सफल होने वाले एवं अभिलेखों के सत्यापन में अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का अन्तिम चयन परिणाम प्रवीणता सूची के आधार पर घोषित किया जायेगा।

यह भी सूचित किया जाता है अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अंतिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के क्रम में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।